RTET 2012 Level-I

खण्ड-V पर्यावरण अध्ययन

1. मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य है-

(अ) अनुशासन बनाये रखना (ब) केवल परीक्षा करवाना

(स) केवल प्रश्न-पत्र बनवाना

(द) अधिगमकर्ता की उपलब्धि जानना एवं सुधार लाना (द)

2. निम्न में से कौनसी क्रिया विज्ञान शिक्षण में पाठ्य सहगामी है?

(अ) विज्ञान क्लब (ब) श्रव्य-दृश्य सामग्री

(स) पाठ्यपुस्तक (द) श्यामपट। (अ)

विशेष - विज्ञान क्लब में विज्ञान विषय को मनोरंजक तरीके से समझाया जाता है, जिससे छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत होती है।

3. पानी में से अशुद्धि, दही से मक्खन, गेहूँ से छोटे कंकर आदि को अलग करने कि क्रिया को कहते हैं-

(अ) मिश्रण (ब) पृथक्करण

(स) छानना (द) उर्ध्वपातन (ब)

4. निम्न में से कौनसा कथन सही हैं?

(अ) श्रव्य-दृश्य सामग्री छात्रों के लिए उपयोगी हैं

(ब) चार्ट एवं ग्राफ श्रव्य-दृश्य सामग्री हैं

(स) चार्ट का प्रयोग केवल सामाजिक विज्ञान में किया जाता है

(द) शिक्षण में कुशलता के लिए श्रव्य-दृश्य सामग्री महत्वपूर्ण नहीं है। (अ)

5. परीक्षण की वास्तविक रचना से पूर्व उसकी प्रारंभिक जाँच कर लेनी चाहिए। इस प्रारंभिक जाँच को कहते हैं-

(अ) परीक्षण की योजना बनाना (ब) परीक्षण की तैयारी

(स) पॉयलट स्टडी (द) अंतिम प्रारूप। (स)

विशेष - एक पूर्ण पैमाने पर प्रोजेक्ट लॉन्च करने का निर्णय लेने के लिए एक छोटे पैमाने पर प्रयोग या अवलोकन के सेट को पॉयलट स्टडी कहते है।

6. निम्नलिखित में से कौनसा राज्य/देश राजस्थान के जैसलमेर, बीकानेर, तथा श्रीगंगानगर जिलों से लगा हुआ है?

(अ) गुजरात (ब) मध्यप्रदेश

(स) हरियाणा (द) पाकिस्तान। (द)

विशेष - पाकिस्तान की 1070 किलोमीटर लम्बी सीमा राजस्थान के चार जिलो से लगती है। इस सीमा को रैडक्लिफ रेखा भी कहते है।

7. भारत के प्रथम कृत्रिम उपग्रह का नाम था-

(अ) भास्कर (ब) आर्यभट्ट

(स) रोहिणी (द) एडुसेट। (ब)

विशेष - आर्यभट्ट भारत का पहला उपग्रह था, जिसे महान भारतीय खगोलशास्त्री के नाम पर नामित किया गया। यह सोवियत संघ द्वारा 19 अप्रैल 1975 को कॉसमॉस - 3एम प्रक्षेपण वाहन द्वारा कास्पुतिन यार से प्रक्षेपित किया गया था।

8. विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है-

(अ) 21 मई (ब) 27 मई

(स) 5 जून (द) 14 नवम्बर। (स)

विशेष - संयुक्त राष्ट्र ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की घोषणा वर्ष 1972 में की थी। 5 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

9. जलीय जन्तुओं में श्वसन होता है-

(अ) फेफड़ों द्वारा (ब) पुस्तक-फुफ्फस द्वारा

(स) वायु कोष द्वारा (द) गलफड़ों द्वारा (द)

विशेष - जलीय जीव, गलफड़ों [क्लोम (Gill)] द्वारा जल में विलेय ऑक्सीजन को अवशोषित करते है।

10. राष्ट्रीय झंडे के बारे में निम्न कथनों का सावधानीपूर्वक अवलोकन कीजिए-

1. सबसे ऊपर केसरिया रंग त्याग एवं बलिदान का प्रतीक है
2. बीच में सफेद रंग शांति का प्रतीक है
3. मध्य में चक्र शांति एवं खुशहाली का प्रतीक है
4. नीचे हरा रंग शांति एवं खुशहाली का प्रतीक है

उपरोक्त कथनों के बारे में निम्न सत्य है-

(अ) 1 से 4 सत्य हैं

(ब) 1, 2, 3 सत्य है एवं 4 असत्य है

(स) 1, 2, 4 सत्य हैं एवं 3 असत्य है

(द) 2, 3, 4, सत्य हैं एवं 1 असत्य है। (स)

विशेष - अशोक चक्र → भारत की प्रगति तथा लोकतंत्र का प्रतीक है।

11. वातावरण के अनुरूप पौधों एवं जन्तुओं में पाये जाने वाले शारीरिक लक्षणों को कहते हैं-

(अ) अनुकूलन (ब) परजीविता

(स) रूपान्तरण (द) इनमें से सभी (अ)

12. हमारे राज्य का पक्षी अभयारण्य किस जिले में स्थित है?

(अ) सवाईमाधोपुर (ब) अलवर

(स) भरतपुर (द) उदयपुर। (स)

विशेष - केवलादेव घना राष्ट्रीय उद्यान भारत के राजस्थान में स्थित एक विख्यात पक्षी अभयारण्य है। केवलादेव को 1971 में संरक्षित पक्षी अभयारण्य घोषित किया गया था और बाद में 1985 में इसे यूनेस्को द्वारा 'विश्व धरोहर' भी घोषित किया गया है।

13. निम्न में से कौनसा कथन वायु के सम्बन्ध में सही नहीं है?

(अ) वायुयान उड़ते हैं (ब) वायु में भार होता है

(स) वायु स्थान घेरती है (द) वायु मे रंग होता है (द)

14. घड़ी की स्प्रिंग में संग्रहित ऊर्जा है-

(अ) यांत्रिक ऊर्जा (ब) ऊष्मा ऊर्जा

(स) प्रकाश ऊर्जा (द) विद्युत ऊर्जा (अ)

15. पीने के पानी में रोगाणुनाशक डालते हैं-

(अ) पोटेशियम परमेंगनेट तथा क्लोरीन

(ब) पोटेशियम क्लोराइड तथा क्लोरीन

(स) सोडियम क्लोराइड तथा ऑक्सीजन

(द) पोटेशियम सल्फाइड तथा क्लोरिन। (अ)

16. निम्न को सावधानी से देखिये-

उपरोक्त यातायात संकेत का अर्थ है

(अ) मुख्य सड़क (ब) संकड़ी पुलिया

(स) रेलवे फाटक (द) खराब सड़क। (द)

17. छोटी माता एवं रेबीज रोग का कारण होता है-

(अ) वायरस (ब) प्रोटोजोआ

(स) बेक्टीरिया (द) निमेटोड। (अ)

18. हम भोजन करते हैं एवं पाचन क्रिया है। इस पचित भोजन के उपयोगी पदार्थो का अवशोषण होता है-

(अ) आमाशय की दीवार से (ब) छोटी आंत्र की दीवार से

(स) वृहद आंत्र की दीवार से (द) यकृत में। (ब)

19. पौधे प्रकाश संश्लेषण द्वारा भोजन बनाते हैं। प्रकाश संश्लेषण क्रिया में निम्न आवश्यक होते हैं-

(अ) ऑक्सीजन, जल, सूर्य का प्रकाश एवं पर्णहरित

(ब) ऑक्सीजन, शर्करा, सूर्य का प्रकाश एवं जल

(स) कार्बन डाइऑक्साइड, जल, सूर्य का प्रकाश एवं पर्णहरित

(द) कार्बन डाइऑक्साइड, शकर्रा, जल एवं सूर्य का प्रकाश। (स)

20. मानव शरीर का सामान्य तापमान होता है-

(अ) 33° सेल्सियस (ब) 38° सेल्सियस

(स) 98.6° सेल्सियस (द) 37° सेल्सियस (द)

विशेष - 37° सेल्सियस → 98.6° फ़ारेनहाइट के बराबर होता है।

21. उदयपुर तथा भीलवाड़ा जिले में मिलने वाले खनिज हैं-

(अ) जस्ता, सीसा, चाँदी तथा ताँबा (ब) जस्ता, जिप्सम, गारनेट एवं सोना

(स) सीसा, चाँदी, टंगस्टन एवं ताँबा

(द) चाँदी, रॉक फॉस्फेट, टंगस्टन एवं जिप्सम। (अ)

22. राजस्थान के किस जिले में पेट्रोलियम निकाला जाता है?

(अ) बारां (ब) भरतपुर

(स) जोधपुर (द) बाड़मेर। (द)

23. चन्द्रग्रहण होता है, जब-

(अ) पृथ्वी, सूर्य एवं चन्द्रमा के बीच होती है

(ब) चनद्रमा, पृथ्वी एवं सूर्य के बीच होता है

(स) सूर्य, पृथ्वी एवं चनद्रमा के बीच होता है

(द) पृथ्वी, सूर्य एवं चनद्रमा सीधी रेखा में होते हैं (अ)

24. भारत का राष्ट्रीय पशु है-

(अ) मोर (ब) शेर

(स) बाघ (द) चिंकारा (स)

विशेष- बाघ (पैंथरा टाइग्रिस-लिन्नायस) → पीले रंगों और धारीदार लोमचर्म वाला पशु है।

25. राजस्थान के किस जिले का नाम सूर्य-नगरी है?

(अ) जयपुर का (ब) जैसलमेर का

(स) बाड़मेर का (द) जोधपुर का। (द)

26. निम्न में से कौनसा कथन सही है?

(अ) एकल परिवार में दहेज प्रथा सामान्य बात है

(ब) एकल परिवार में बाल श्रम सामान्य बात है

(स) दहेज तथा बाल-श्रम सामाजिक बुराइयाँ हैं

(द) दहेज तथा बाल-श्रम शहरों में सामान्य बात हैं। (स)

27. मानव शरीर हड्डियों का ढांचा मात्र रह जाता है, इसका कारण है-

(अ) लम्बे समय तक तम्बाकू ग्रहण करने में

(ब) लम्बे समय तक शराब का सेवन करने से

(स) परिवार के लोगों द्वारा नशा करने से

(द) परिवार के लोंगो द्वारा तम्बाकू ग्रहण करने से। (अ)

विशेष - तम्बाकू, पौधे की पत्तियों से प्राप्त होता है। भारत में तम्बाकू का पौधा पुर्तग़ालियों द्वारा लाया गया था।

28. निम्नलिखित में से कौनसी सामग्री घर बनाने में काम नहीं आती है?

(अ) सीमेन्ट (ब) लोहा

(स) पत्थर (द) स्कूटर। (द)

29. ऊन प्राप्त होती है-

(अ) भेड़, ऊँट एवं याक के बालों से (ब) भेड़, शेर एवं ऊँट के बालों से

(स) ऊँट, हाथी एवं खरगोश के बालों से

(द) गाय, बकरी एवं भेड़ के बालों से। (अ)

30. बंदर, शेर तथा चूहे के घर क्रमश हैं-

(अ) घोंसला, पेड़ एवं गुफा (ब) गुफा, बिल एवं पेड़

(स) पेड़, गुफा एवं बिल (द) बिल, पेड़ एवं गुफा। (स)

❑❑❑

For Indian GK, Rajasthan GK, Subjective Knowledge Educational Psychology, Sanskrit, Hindi etc.

Follow Website → www.gkabhi.in

Subcribe Youtube → www.youtube.com/ekanshstudy

Subcribe Youtube → https://www.youtube.com/c/GKAbhi